न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी जिला नागौर(राज0)

राजस्व प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 212 R.T.Act 1955 सरकार बनाम हनुमान लाला पुत्र बालू कुम्हार वगैरह कुचामनसिटी

प्रा.पत्र नम्बर 51/2022 **GCMS No.2022/107**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिलियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
10.02.2023	अप्रार्थी वकील श्री श्यामसुन्दर चौधरी वकालतनामा मय प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर पत्रावली आज नम्बर पर ली गई। अप्रार्थी द्वारा जवाब प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि वादग्रस्त भूमि ग्राम कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 1311 रकबा 0.41 हैक्टर भूमि अप्रार्थीगण के नाम संयुक्त खातेदारी में दर्ज चली आ रही है जिसको कृषि से गैर कृषि उपयोग हेतु रूपान्तरण किये बिना उपयोग में लिये जाने के फलस्वरूप प्रकरण अप्रार्थीगण के विरूद्व माननीय न्यायालय में प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत दर्ज होकर अप्रार्थीगण के विरूद्व दिनॉक 05.04.2022 को एक–पक्षीय अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा जारी की गई है। उपरोक्त भूमि को अप्रार्थीगण उपरोक्त भूमि को दो माह की अवधि भीतर नगरपरिषद कुचामनसिटी से भू–उपयोग परिवर्तन करवा लेंगे, जब तक स्थगन आदेश निरस्त नही होता तब तक उनका 90 ए के तहत संपरिवर्तन की कार्यवाही नही की जा सकती, इसलिए स्थगन आदेश निरस्त किया जाना आवश्यक है। प्रकरण में उभय पक्षकार एवं प्रार्थी राजकीय पैरोकार उपस्थित आये, जिन्हे सुना गया। दोनो पक्षों ने अपने–अपने पक्ष में तर्क दिये। अप्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया, प्रश्नगत भूमि ग्राम कुचामनसिटी के खसरा नम्बर 1311 भूमि को अप्रार्थीगण नगरपरिषद कुचामनसिटी से दो माह में संपरिवर्तन करवा लेगें। अप्रार्थी के प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों पर विश्वास करते हुए प्रार्थना पत्र में जारी अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा खारिज किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः पूर्व में जारी अस्थाई निषेधाज्ञा आदेश दिनॉक 05.04.2022 खारिज की जाती है तथा प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 212 आर.टी.एक्ट 1955 साबित नही होने से खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर) उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (नागौर) Signature Not Verified Digitally signed by Babu Lal Jat Date: 2023.07.24 15:51:03 IST Reason: SelfAttested	